अपनी ओर से, संघ से वित्तीय सहायतार्थ प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करती है और आवश्यकतानुसार उपयुक्त सहायता प्रदान करती है । इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान, पटियाला ऐसे प्रशिक्षक तैयार कर रहा है जो देश में तैराकी के सामान्य स्तर को ऊंचा उठाने के लिए वैज्ञानिक ढंग से प्रशिक्षण दे सकें ।

**रूसी अधिकारियों के साथ वामपंथी साम्यवादियों का सम्पर्क**

**8380. श्री जगन्नाथ राव जोशी :**
**श्री हुकम चन्द कछवाय :**
**श्री राम सिंह अयरवाल :**

क्या **गृह-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 9 मई, 1966 को भारत की साम्यवादी पार्टी के वामपंथी दल के एक सदस्य को रूसी अधिकारियों के साहचर्य में पकड़ा गया था;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस मामले में क्या कार्यवाही की है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल):** (क) सरकार के पास कोई सूचना नहीं है ।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नहीं उठते ।

**Arrest of Nagas by the Assam Police**

**8381. Shri Yashpal Singh:**
**Shri S. C. Samanta:**
**Shri Madhu Limaye:**
**Shri S. M. Banerjee:**
**Dr. Ram Manohar Lohia:**
**Shri George Fernandes:**

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) whether the Chief Minister of Nagaland has complained against the mass arrests of Nagas by the Assam Police; and

(b) if so, the action taken thereon?

**The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla):** (a) The Chief Minister, Nagaland, had referred to this matter in his correspondence with the Government of India. There was also exchange of correspondence on this subject between the Chief Ministers of Nagaland and Assam.

(b) The Government of India have kept in touch with the State Governments. The Chief Secretaries, Assam and Nagaland, met and discussed this subject to their mutual satisfaction.

**रूस से प्राप्त पुस्तक**

**8382. श्री जगन्नाथ राव जोशी :**
**श्री हुकम चन्द कछवाय :**
**श्री राम सिंह अयरवाल :**

क्या **गृह-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि साम्यवादी दल के सेंचुरी बुक हाउस, मद्रास ने बिक्री-कर अधिनियम के अन्तर्गत रूस और चीन से पुस्तकें खरीदने के लिये मद्रास सरकार से 1957–58 में 30,000 रुपये की विदेशी मुद्रा प्राप्त की थी;

(ख) क्या यह भी सच है कि इन पुस्तकों की बिक्री से 1 लाख 20 हजार रुपये प्राप्त हुए थे, अर्थात् 90,000 रुपये का लाभ कमाया गया था और इस प्रकार एक विदेशी साधन द्वारा एक राजनैतिक दल को धन दिया गया; और

(ग) यदि हां, तो क्या इसके बारे में सरकार ने कोई कार्यवाही की है ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल):** (क) और (ख) जांच की जा रही है ।

(ग) गुप्त वार्ता-विभाग ने अभी हाल के चुनावों में तथा अन्य उद्देश्यों के लिये विदेशी धन के प्रयोग की जांच की थी इस बारे में उक्त विभाग से एक प्रतिवेदन अभी हाल ही में प्राप्त हुआ है। इसकी सावधानी से जांच की जा रही है।

### सामान्य निर्वाचन के दौरान जाली नोटों का वितरण

8383. श्री राम सिंह अयरवाल :
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि चौथे सामान्य निर्वाचन के दौरान देश के कुछ भागों में मतदाताओं को जाली नोट बांटे गये थे;

(ख) क्या सरकार ने इस मामले में जांच का आदेश दिया है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही की है ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल)**: (क) से (ग) सरकार को किसी भी राज्य अथवा संघ राज्य क्षेत्र में होने वाली किसी ऐसी घटना के बारे में पता नहीं है। हां, उड़ीसा के कुछ जिलों में चौथे सामान्य निर्वायन के दौरान जाली नोटों के प्रचलन की अफवाहें सुनने में आयी थीं, किन्तु पुलिस द्वारा जांच किये जाने पर उन्हें निराधार पाया गया।

### Telephone Connections in Delhi

**8384. Shri R. S. Vidyarthi:** Will the Minister of Communications be pleased to state:

(a) whether it is a fact that it takes more than 10 years to have a telephone connection in Delhi;

(b) whether under the O.Y.T. scheme also, a subscriber has to wait for more than 2 years before he gets a telephone; and

(c) if so, the steps taken to open more telephone exchanges in Delhi for providing telephone connections in a short period?

**The Minister of State in the Departments of Parliamentary Affairs and Communications (Shri I. K. Gujral):** (a) It has not been possible to provide telephone connections to the applicants on the 'General' waiting list in some of the areas of Delhi Telephone System for more than 10 years.

(b) Yes. This has been so in some of the areas served by the Jorbagh, Karol bagh, Connaught Place and Tis Hazari exchanges, but in other areas it has been possible to meet the OYT demands with a reasonable time and the waiting lists there are almost current.

(c) The expansion of Telephone System of Delhi is being continuously carried on. To the existing 64,000 lines another 17,500 lines will be added during the current financial year and about 45,000 lines, in the remaining three years of the 4th Five Year Plan period. The main limitations in regard to opening of new telephone exchanges have been material and financial resources and non-availability of land in certain congested areas like Chandni Chowk. Despite these limitations Delhi Telephone system will almost be doubled during the next four years.

### बिहार को शिक्षा के विस्तार के लिये सहायता

8385. श्री विभूति मिश्र :
श्री क० ना० तिवारी :

क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वह 16 अप्रैल, 1967 को पटना गये थे;